आकाशवाणी केन्द्र शिमला
27.06.2025/प्रादेशिक समाचार/1945बजे

## मुख्य समाचार

- केन्द्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने किन्नौर ज़िले में विभिन्न परियोजनाओं का किया शिलान्यास–अधिकारियों को तय समय में योजनाएं पूरा करने के दिए निर्देश।
- केन्द्रीय मंत्री मनसुख मांडविया ने राज्यपाल के नशा मुक्त अभियान को भरपूर सहयोग देने का दिया आश्वासन।
- प्रदेश में परिवहन मंत्रालय के तहत 34 हज़ार करोड़ रूपये के कार्य जारी–अगले वर्ष अंत तक जनता को समर्पित होगा मंडी–पठानकोट फोरलेन।
- स्वास्थ्य व पोषण क्षेत्र के सूचकांक में चंबा ज़िला ने देशभर में हासिल किया पहला स्थान।

## केन्द्रीय मंत्री

केन्द्रीय अल्पसंख्यक मामले व संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने आज किन्नौर ज़िले में विभिन्न परियोजनाओं की आधारशिला रखी। इनमें पूह में करीब साढ़े 9 करोड़ रूपये की लागत वाले 2 इंडोर खेल स्टेडियमों का शिलान्यास शामिल है। केन्द्रीय मंत्री ने राष्ट्रीय अल्पसंख्यक विकास व वित्त निगम के लाभार्थियों से भी संवाद किया। एक जनसभा में उन्होंने कांग्रेस सरकार पर अल्पसंख्यकों के साथ भेदभाव का आरोप लगाया और कहा कि वर्तमान केन्द्र सरकार के सत्ता में आने के बाद से सभी अल्पसंख्यकों के लिए एक समान योजनाएं व बजट का प्रावधान किया जा रहा है। किरेन रिजिजू ने वर्तमान सरकार के "सबका साथ–सबका विकास" के नारे को सफल बनाने का संकल्प भी दोहराया। उन्होंने ज़िला अधिकारियों को तय समय में योजनाएं पूरा करने के निर्देश दिए ताकि धनराशि की अगली किश्त समय पर जारी की जा सके।
किरेन रिजिजू ने पूह में सीवरेज लाइन बिछाने और खेल मैदान के लिए बजट प्रावधान की घोषणा भी की।

## कंगना रनौत

इस बीच, भाजपा सांसद कंगना रनौत ने मंडी संसदीय क्षेत्र के तहत किन्नौर ज़िले के लिए दी गई करोड़ों की सौगात के लिए केन्द्र सरकार का आभार जताया।

## मांडविया

केन्द्रीय श्रम व रोजगार मंत्री डॉक्टर मनसुख मांडविया ने राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल के नशा मुक्त अभियान को भरपूर सहयोग देने का आश्वासन दिया है। उन्होंने आज राजभवन शिमला में राज्यपाल से भेंट कर श्रमिक कल्याण योजनाओं को लेकर विचार–विमर्श किया। राज्यपाल ने केन्द्रीय मंत्री व उनके साथ आए सदस्यों का स्वागत करते हुए बताया कि प्रदेश में चल रहा नशा मुक्त अभियान अब पंचायत स्तर तक पहुंच चुका है। राज्यपाल ने बताया कि नशे के खिलाफ जागरूकता की दिशा अब जनप्रतिनिधि भी सक्रिय भागीदारी निभा रहे हैं। इस बीच केन्द्रीय मंत्री ने कर्मचारी राज्य बीमा निगम की बैठक की अध्यक्षता भी की। इस बैठक में निगम के बुनियादी ढांचे और स्वास्थ्य सेवा वितरण को बढ़ाने के उद्देश्य से कई प्रमुख ऐजैंडा मदों पर चर्चा कर उन्हें मंजूरी दी गई।

सर्जरी

शिमला के चमियाना स्थित अटल इंस्टीच्यूट ऑफ मैडिकल सुपर स्पैशिलिटीज संस्थान रोबोटिक सर्जरी शुरू करने वाला प्रदेश का पहला संस्थान बनने जा रहा है। एम्स दिल्ली की तर्ज पर 28 करोड़ रूपये से खरीदा गया रोबोट चमियाना पहुंच गया है और जुलाई माह में इसे स्थापित करने की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। इस सुविधा से मरीजों के ऑपरेशन आधुनिक तकनीक से हो सकेंगे। एक सरकारी प्रवक्ता के अनुसार जल्द ही टांडा मैडिकल कॉलेज में भी रोबोटिक सर्जरी के उपकरण पहुंचने वाले हैं। इसके बाद चरणबद्ध तरीके से आई.जी.एम.सी. शिमला और मैडिकल कॉलेज हमीरपुर सहित अन्य मैडिकल कॉलेजों में भी रोबोटिक सर्जरी की मशीनें स्थापित की जाएंगी।

जयराम

विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने कहा है कि राज्य सरकार आबकारी मामले में प्रदेश को घाटा और माफिया को लाभ देने का काम कर रही है। एक बयान में उन्होंने कहा कि सरकार नीलामी में रह गए शराब के ठेकों को जबरन प्रदेश के विभिन्न निगमों के माध्यम से संचालित कर रही है। इसके चलते पहले से ही आर्थिक संकटों का सामना कर रहे निगम और घाटे में जा रहे हैं। जयराम ठाकुर ने कहा कि प्रदेश में जगह–जगह शराब की अवैध फैक्ट्रियां चलने के मामले सामने आए हैं। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा आबकारी से आय के मामले में किए गए सभी दावे धराशाही हो गए हैं।

हर्ष मल्होत्रा

केन्द्रीय सड़क परिवहन व राजमार्ग राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा ने कहा है कि परिवहन मंत्रालय के तहत प्रदेश में 34 हज़ार करोड़ रूपये के कार्य चल रहे हैं। उन्होंने बताया कि अगले वर्ष दिसम्बर तक मंडी–पठानकोट फोरलेन जनता को समर्पित कर दिया जाएगा। इसी तरह मटौर–शिमला फोरलेन का कार्य भी वर्ष 2028 तक पूरा करने का लक्ष्य है। हर्ष मल्होत्रा ने बताया कि ऊना–देहरा–रानीताल फोरलेन की डीपीआर भी बन रही है और जल्द ही इस योजना का कार्य भी शुरू किया जाएगा।

शिक्षा मंत्री

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा है कि राष्ट्रीय सर्वे परख में शिक्षा की गुणवत्ता के क्षेत्र में हिमाचल देश में पांचवें स्थान पर पहुंच गया है। इससे पहले वर्ष 2021 में हिमाचल को 21वें स्थान पर आंका गया था। रोहित ठाकुर ने आज शिमला में बताया कि राष्ट्रीय सर्वेक्षण में बढ़ी रैंकिंग ने शिक्षा के क्षेत्र में लिए गए अभूतपूर्व फैसलों पर मुहर लगाई है। उन्होंने कहा कि सरकार शिक्षा के स्तर को और बेहतर बनाने का प्रयास कर रही है।

उपलब्धि

आकांक्षी ज़िला कार्यक्रम के तहत स्वास्थ्य व पोषण क्षेत्र के सूचकांक में चंबा ज़िला ने देशभर में पहला स्थान हासिल किया है। उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने आज चंबा में बताया कि नीति आयोग द्वारा जारी फरवरी 2025 की आकांक्षी ज़िलों की डेल्टा रैंकिंग में ज़िले को ये उपलब्धि हासिल हुई है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य व पोषण क्षेत्र में अव्वल आने पर चंबा ज़िले को नीति आयोग से 3 करोड़ रूपये की अतिरिक्त प्रोत्साहन राशि मिलेगी। उपायुक्त ने बताया कि ये उपलब्धि विभिन्न विभागीय अधिकारियों व कर्मचारियों के समन्वय व जनसहभागिता का परिणाम है।

राठौर

कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता व विधायक कुलदीप सिंह राठौर ने प्रदेश में अवैध खनन व वन कटान पर चिंता जताई है। शिमला में एक पत्रकार सम्मेलन में उन्होंने कहा कि इसी के चलते प्राकृतिक आपदाओं से प्रदेश को बड़ी क्षति हो रही है। उन्होंने कहा कि बीते दिनों कुल्लू में बहकर आई लकड़ियां अवैध वन कटान का प्रमाण है जिस पर संज्ञान लेकर तुरंत कार्रवाई करने की जरूरत है। कुलदीप राठौर ने अवैध खनन व वन कटान पर रोक लगाने के लिए ठोस कदम उठाने की आवश्यकता जताई।

मौसम

प्रदेश के अधिकांश भागों में आज दिन भर बादल छाए रहे और कुछ स्थानों पर हल्की वर्षा हुई है। धर्मशाला के मनूणी खडड में बाढ़ आने से बहे 8 श्रमिकों में से 6 के शव बरामद कर लिए गए हैं जबकि 2 लोग अभी भी लापता बताए जा रहे हैं। एन.डी.आर.एफ. के जवानों ने आज मनूनी खड्ड से एक और शव बरामद किया है। प्रदेश में हाल ही में बादल फटने की घटनाओं में 15 घर क्षतिग्रस्त हुए हैं और दो राष्ट्रीय उच्चमार्गों सहित कुल्लू ज़िले में दो विद्युत परियोजनाओं को भी क्षति हुई है। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों के दौरान बारिश का येलो अलर्ट जबकि 29 जून को भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। ऐसे में प्रशासन ने लोगों से एहतियात बरतने और नदी–नालों के समीप न जाने की अपील की है।

सम्मेलन

धर्मशाला के तपोवन विधानसभा परिसर में पहला राष्ट्रमंडल संसदीय सम्मेलन 30 जून और एक जुलाई को आयोजित किया जाएगा। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला इस सम्मेलन का शुभारंभ करेंगे। विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने बताया कि उदघाटन समारोह में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू, राज्यसभा के उप–सभापति हरिवंश, नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर, संसदीय कार्य मंत्री हर्षवर्धन चौहान और विधानसभा उपाध्यक्ष विनय कुमार भी मौजूद रहेंगे। उन्होंने कहा कि सम्मेलन के समापन पर राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल मुख्यातिथि के रूप में शिरकत करेंगे।

———————————————————————————